## भाग – I / PART – I

### बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

1. निम्नलिखित में से कौन-सी सीखने की बाल केन्द्रित विधि *नहीं* है ?
   (1) प्रदर्शन
   (2) क्षेत्र भ्रमण
   (3) अभिक्रमित अनुदेशन
   (4) प्रायोजना

2. मैक्डूगल के अनुसार, 'घृणा' का संवेग किस मूल प्रवृत्ति के साथ जुड़ा हुआ है ?
   (1) निवृत्ति  (2) पलायन
   (3) युयुत्सा  (4) जिज्ञासा

3. वर्नन के पदानुक्रमिक बुद्धि सिद्धान्त के *सही* अनुक्रम (ऊपर से नीचे) का चयन कीजिए :
   (1) सामान्य कारक → विशिष्ट कारक → प्रमुख कारक → लघु कारक
   (2) विशिष्ट कारक → सामान्य कारक → लघु कारक → प्रमुख कारक
   (3) सामान्य कारक → प्रमुख कारक → लघु कारक → विशिष्ट कारक
   (4) प्रमुख कारक → सामान्य कारक → विशिष्ट कारक → लघु कारक

4. बुद्धि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?
   (a) बौद्धिक विकास पर आनुवंशिकता का प्रभाव पड़ता है, वातावरण का नहीं।
   (b) लैंगिक भिन्नता बौद्धिक भिन्नता का कारण नहीं होती।
   (c) तीव्र बुद्धि, तीव्र स्मरणशक्ति की परिचायक होती है।
   (d) बुद्धि नवीन परिस्थितियों में समायोजन की योग्यता देती है।

   *सही* कूट का चयन कीजिए :
   (1) (a) एवं (b)  (2) (a) एवं (c)
   (3) (b) एवं (d)  (4) (c) एवं (d)

1. Which of the following is ***not*** a child centered method of learning ?
   (1) Demonstration
   (2) Field Trip
   (3) Programmed Instruction
   (4) Project

2. According to McDougall, the emotion of 'disgust' is associated with which basic instinct ?
   (1) Repulsion  (2) Escape
   (3) Combat  (4) Curiosity

3. Select the ***correct*** sequence (top to bottom) of hierarchical intelligence theory of Vernon :
   (1) General factor → Specific factor → Major factor → Minor factor
   (2) Specific factor → General factor → Minor factor → Major factor
   (3) General factor → Major factor → Minor factor → Specific factor
   (4) Major factor → General factor → Specific factor → Minor factor

4. Which of the following statements regarding intelligence are ***not*** true ?
   (a) Intellectual development is influenced by genetics, not environment.
   (b) Gender differences do not cause intellectual differences.
   (c) Sharp intelligence is a sign of sharp memory.
   (d) Intelligence gives the ability to adjust in new situations.

   Choose the ***correct*** code :
   (1) (a) and (b)  (2) (a) and (c)
   (3) (b) and (d)  (4) (c) and (d)



Scanned with OKEN Scanner

5. निम्नलिखित में से कौन-सी समावेशी शिक्षा की एक विशेषता *नहीं* है ?
   (1) यह विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं का समर्थन करती है
   (2) यह विविधता का उत्सव मनाने की बात कहती है
   (3) यह अध्यापक, अभिभावक, बालक एवं समाज की सहभागिता सुनिश्चित करती है
   (4) यह अशक्त बच्चों की विशिष्ट शिक्षा तक सीमित रहती है

6. निम्नलिखित में से कौन-सी सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की विशेषता *नहीं* है ?
   (1) मूल्यांकन की नियमितता
   (2) इकाई परीक्षणों की आवृत्ति
   (3) सीखने की कमियों का निदान
   (4) केवल शैक्षिक उपलब्धि को मापना

7. सीखने की परिस्थिति में सुसंगत तथ्यों को असुसंगत तथ्यों से अलग करके प्रस्तुत करना, सीखने के किस नियम का परिचायक है ?
   (1) बहु अनुक्रिया का नियम
   (2) सादृश्यता का नियम
   (3) तत्त्व प्रबलता का नियम
   (4) साहचर्यात्मक स्थानांतरण का नियम

8. सर्जनशील बच्चों की पहचान हेतु शिक्षक द्वारा कौन-से परीक्षण प्रशासित किए जा सकते हैं ?
   (a) आकृति निर्माण परीक्षण
   (b) उत्पाद उन्नयन परीक्षण
   (c) प्रचलित उपयोग परीक्षण
   (d) चित्र पूर्ति परीक्षण

   ***सही*** कूट का चयन कीजिए :
   (1) (a) एवं (d)
   (2) (b) एवं (c)
   (3) (a), (b) एवं (d)
   (4) (a), (b), (c) एवं (d)

5. Which of the following is ***not*** a characteristic of inclusive education ?
   (1) It supports special educational needs
   (2) It says to celebrate diversity
   (3) This ensures the participation of teacher, parents, child and society
   (4) It is limited to the special education of disabled children

6. Which of the following is ***not*** a feature of continuous and comprehensive evaluation ?
   (1) Regularity of assessment
   (2) Frequency of unit tests
   (3) Diagnosis of learning gaps
   (4) Measuring only scholastic achievement

7. In a learning situation presenting relevant facts separately from non-relevant facts, is indicative of which principle of learning ?
   (1) Principle of multiple response
   (2) Principle of analogy
   (3) Principle of prepotency of elements
   (4) Principle of associative shifting

8. Which tests can be administered by the teacher to identify creative children ?
   (a) Figure construction test
   (b) Product improvement test
   (c) Usual uses test
   (d) Picture completion test

   Choose the ***correct*** code :
   (1) (a) and (d)
   (2) (b) and (c)
   (3) (a), (b) and (d)
   (4) (a), (b), (c) and (d)



Scanned with OKEN Scanner

9. समावेशी शिक्षा की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सी निःशक्त बच्चों की आवश्यकता *नहीं* होनी चाहिए ?

(1) स्वयं की निःशक्तता से निपटने की आवश्यकता
(2) उचित निर्देशन एवं परामर्श की आवश्यकता
(3) दूसरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता
(4) सहायक उपकरणों की आवश्यकता

10. विकास एवं अधिगम के साथ उसके संबंध के बारे में कौन-सा कथन *गलत* है ?

(1) सीखने के अवसरों से वंचित होना विकास को सीमित करता है।
(2) बच्चे तब तक नहीं सीख सकते जब तक वे विकासात्मक रूप से सीखने के लिए तैयार न हों।
(3) विकास परिपक्वता और सीखने का उत्पाद है।
(4) परिपक्वता की सीमाओं के बावजूद जब सीखने को प्रोत्साहित किया जाता है तो विकास एक निश्चित बिन्दु से आगे जा सकता है।

11. श्रवण बाधित बच्चों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अनुदेशन का तरीका उपयुक्त है ?

(a) सांकेतिक भाषा
(b) अंगुली वर्तनी
(c) ओष्ठ पठन
(d) संकेतित भाषण

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) (a) एवं (c)
(2) (a), (b) एवं (c)
(3) (a), (c) एवं (d)
(4) (a), (b), (c) एवं (d)

9. Which of the following should ***not*** b a need of children with impairme from the point of view of inclusive education ?

(1) Need for coping with own's impairment
(2) Need for proper guidance & counselling
(3) Need for being dependent on others
(4) Need for assistive equipments

10. Which statement is ***incorrect*** about the development and its relationship with learning ?

(1) Deprivation of learning opportunities limits development.
(2) Children can not learn until they are developmentally ready to learn.
(3) Development is the product of maturation and learning.
(4) Despite the limits of maturatio the development can go beyon a certain point, when learnin is encouraged.

11. Which of the following ways c instruction is suitable for hearin impaired children ?

(a) Sign language
(b) Finger spelling
(c) Lip reading
(d) Cued speech

Choose the ***correct*** code :

(1) (a) and (c)
(2) (a), (b) and (c)
(3) (a), (c) and (d)
(4) (a), (b), (c) and (d)



Scanned with OKEN Scann

12. बच्चों में सामाजीकरण को बढ़ावा देने में शिक्षक का निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य सहायक *नहीं* है ?
(1) वैयक्तिक परियोजना कार्य देना
(2) सामाजिक जिम्मेदारियाँ सौंपना
(3) सह-पाठ्यगामी गतिविधियों का आयोजन करना
(4) सामाजिक सहभागिता के लिए अभिप्रेरित करना

13. निम्नलिखित में से कौन-सा नवीन लक्षणों के अधिग्रहण के अन्तर्गत विकासात्मक परिवर्तन का एक उदाहरण *नहीं* है ?
(1) स्थायी दाँत
(2) प्राथमिक लैंगिक विशेषताएँ
(3) द्वितीयक लैंगिक विशेषताएँ
(4) थायमस ग्रंथि

14. प्रारंभिक किशोरावस्था में संवेगों के संबंध में कौन-सा विकल्प *सही* है ?
(1) तीव्र एवं युक्तिसंगत
(2) अनियंत्रित एवं युक्तिसंगत
(3) अनियंत्रित एवं अयुक्तिसंगत
(4) नियंत्रित एवं तीव्र

15. निम्नलिखित में से कौन-सी लैंगिक पक्षपातपूर्ण क्रियाएँ शैक्षिक अभ्यासों में सम्मिलित *नहीं* होनी चाहिए ?
(a) सजातीय समूहन
(b) लिंग तटस्थ विषय-वस्तु
(c) रूढ़िबद्ध व्यावसायिक मार्गदर्शन
(d) शिक्षक की पूर्वाग्रही अभिवृत्ति
*सही* कूट का चयन कीजिए :
(1) (a) एवं (b) (2) (a), (c) एवं (d)
(3) (c) एवं (d) (4) (a), (b) एवं (c)

12. Which of the following is ***not*** a helpful action of teacher in promoting socialization among children ?
(1) Giving the individual project work
(2) Assigning social responsibilities
(3) Organizing co-curricular activities
(4) Motivating for social participation

13. Which of the following is ***not*** an example of developmental changes under acquisition of new features ?
(1) Permanent teeth
(2) Primary sex characteristics
(3) Secondary sex characteristics
(4) Thymus gland

14. Which option is ***correct*** regarding emotions in early adolescence ?
(1) Intense and rational
(2) Uncontrolled and rational
(3) Uncontrolled and irrational
(4) Controlled and intense

15. Which of the following gender biased actions are ***not*** to be involved in educational practices ?
(a) Homogeneous grouping
(b) Gender neutral content
(c) Stereotyped occupation guidance
(d) Teacher's prejudiced attitude
Choose the ***correct*** code :
(1) (a) and (b) (2) (a), (c) and (d)
(3) (c) and (d) (4) (a), (b) and (c)



Scanned with OKEN Scanner

16. उच्च माध्यमिक स्तर के अधिगमकर्ताओं के लिए सीखने की कौन-सी रणनीति उपयुक्त *नहीं* है ?

(1) अधिगम कार्य स्मृति स्तर पर करना

(2) ज्ञान की स्वयं खोज करने देना

(3) कक्षा अन्तःक्रिया को उचित स्थान देना

(4) शिक्षण-अधिगम विद्यार्थी केन्द्रित होना

17. फ्रॉयड के मनोलैंगिक विकास सिद्धान्त के अनुसार, वह अवस्था जिसमें किशोर विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित होते हैं, उसे कहा जाता है :

(1) लिंग अवस्था (2) गुदा अवस्था

(3) जनन अवस्था (4) अव्यक्त अवस्था

18. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, जब अधिगमकर्ता अपने और अपने पर्यावरण के बीच उचित तालमेल बनाए रखता है, तो यह प्रक्रिया कहलाती है :

(1) समायोजीकरण

(2) आत्मसातीकरण

(3) संतुलनीकरण

(4) एकीकरण

19. विद्यार्थियों की समग्र उपलब्धि और प्रवीणता का मूल्यांकन करने के लिए, सीखने की अवधि के अंत में अभिकल्पित मूल्यांकन कहलाता है :

(1) सीखने का मूल्यांकन

(2) निदान के लिए मूल्यांकन

(3) सीखने के लिए मूल्यांकन

(4) उपचार के लिए मूल्यांकन

16. Which strategies of learning is ***not*** appropriate for the learner of senior secondary level ?

(1) Learning tasks at memory level

(2) Allowing self-discovery of knowledge

(3) Giving appropriate space to classroom interaction

(4) Student centered teaching-learning

17. According to Freud's psycho-sexual development theory, the stage in which adolescent attracts towards opposite sex, is known as :

(1) Phallic stage (2) Anal stage

(3) Genital stage (4) Latency stage

18. According to Piaget's cognitive development theory, when the learner maintaining a proper balance between himself/herself and his/her environment, this mechanism is called as :

(1) Accommodation

(2) Assimilation

(3) Equilibration

(4) Integration

19. When the assessment is designed to evaluate student's overall achievement and proficiency at the end of a learning period is known as :

(1) Assessment of learning

(2) Assessment for diagnosing

(3) Assessment for learning

(4) Assessment for remedy



Scanned with OKEN Scanner

20. 'लेखन क्षमता का एक विकार जिसमें अधिगमकर्ता को अक्षर निर्माण, वर्तनी, गत्यात्मक समन्वय आदि में कठिनाई होती है।' यह विकार कहलाता है :

(1) डिस्लेक्सिया
(2) डिस्ग्राफिया
(3) डिस्प्रेक्सिया
(4) डिस्कैल्कुलिया

21. कोह्लबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त की निम्नलिखित अवस्थाओं को उनकी विशेषता के साथ सुमेलित कीजिए :

| नैतिक अवस्थाएँ | विशेषता |
|---|---|
| (a) इनाम के लालच में अनुपालन | (i) दूसरों की स्वीकृति पाना |
| (b) सामाजिक व्यवस्था बनाए रखना | (ii) स्वार्थपूर्ति पर आधारित अवस्था |
| (c) अच्छे अन्तःवैयक्तिक संबंध | (iii) अन्तःकरण द्वारा मान्य शाश्वत मूल्य |
| (d) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त | (iv) न्याय एवं कानून को महत्त्व |

*सही* कूट का चयन कीजिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

22. समावेशी शिक्षा विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के किस संवैधानिक अधिकार की रक्षा करती है ?

(1) शिक्षा का अधिकार
(2) सम्मान का अधिकार
(3) स्वीकृति का अधिकार
(4) एकीकरण का अधिकार

20. 'A disorder of writing ability in which a learner has difficulty with letter formation, spelling, fine motor co-ordination etc.' This disorder is called as :

(1) Dyslexia
(2) Dysgraphia
(3) Dyspraxia
(4) Dyscalculia

21. Match the following stages of Kohlberg's moral development theory with their characteristics :

| Moral Stages | Characteristics |
|---|---|
| (a) Conforming obtain reward | (i) Getting the approval of others |
| (b) Maintaining social order | (ii) Stage based on self-interest |
| (c) Good interpersonal relationships | (iii) Eternal value accepted by conscience |
| (d) Universal ethical principles | (iv) Importance of justice and law |

Choose the ***correct*** code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

22. Which constitutional right of children with special needs does inclusive education protect ?

(1) Right to Education
(2) Right to Respect
(3) Right to Acceptance
(4) Right to Integration

23. निम्नलिखित में से कौन-सी वंचित बालकों की सामान्य विशेषता *नहीं* है ?

(1) वे शारीरिक रूप से अक्षम दिखते हैं
(2) वे सामाजिक रूप से अलाभान्वित होते हैं
(3) वे आर्थिक रूप से वंचित होते हैं
(4) वे संवेगात्मक रूप से हीन महसूस करते हैं

24. बण्डूरा के सामाजिक अधिगम सिद्धान्त के सोपानों को क्रम से व्यवस्थित कीजिए :

(a) व्यवहार का प्रत्यक्षीकरण
(b) व्यवहार का पुनर्बलन
(c) व्यवहार का स्मरण
(d) स्मरण की क्रियात्मक परिणति

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) (a), (c), (d), (b)
(2) (b), (a), (c), (d)
(3) (c), (d), (a), (b)
(4) (b), (c), (d), (a)

25. निम्नलिखित में से कौन आनुवंशिकता से प्रभावित *नहीं* होता ?

(1) अभिक्षमता (2) अभिवृत्ति
(3) संवेग (4) अभिरुचि

26. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वैयक्तिक भिन्नता के संबंध में सही *नहीं* है ?

(1) वैयक्तिक भिन्नता ज्ञानात्मक एवं क्रियात्मक दोनों क्षेत्रों में होती है।
(2) वैयक्तिक भिन्नता पर प्रजातिगत विशेषताओं का प्रभाव पड़ता है।
(3) वैयक्तिक भिन्नता का कारण सामाजिक वातावरण होता है, भौतिक वातावरण नहीं।
(4) वैयक्तिक भिन्नता पर आयु का भी प्रभाव पड़ता है।

23. Which of the following is ***not*** a common characteristic of deprived children ?

(1) They look physically challenged
(2) They are socially disadvantaged
(3) They are economically deprived
(4) They feel emotionally inferior

24. Arrange the steps of Bandura's social learning theory in sequence :

(a) Perception of behaviour
(b) Reinforcement of behaviour
(c) Remember of behaviour
(d) Convert the memory into action

Choose the ***correct*** code :

(1) (a), (c), (d), (b)
(2) (b), (a), (c), (d)
(3) (c), (d), (a), (b)
(4) (b), (c), (d), (a)

25. Which of the following is ***not*** influenced by heredity ?

(1) Aptitude (2) Attitude
(3) Emotions (4) Interest

26. Which of the following statement is ***not*** correct regarding individual differences ?

(1) Individual differences exist in both cognitive and psychomotor domain.
(2) Species characteristics influence individual differences.
(3) The cause of individual differences is the social environment, not the physical environment.
(4) Age also has an effect on individual differences.





Scanned with OKEN Scanner

27. निम्नलिखित में से प्रश्नों का कौन-सा प्रकार विद्यार्थियों के भावों की अभिव्यक्ति एवं तार्किक चिंतन की जाँच के लिए उपयुक्त *नहीं* है ?

(1) विश्लेषणात्मक प्रकार

(2) समालोचनात्मक प्रकार

(3) विवेचनात्मक प्रकार

(4) बहु विकल्पात्मक प्रकार

28. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रगतिशील शिक्षा का एक घटक *नहीं* है ?

(1) विचार-विमर्श

(2) स्मरण

(3) अनुभव

(4) अंतःक्रिया

29. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्जित अभिप्रेरक *नहीं* है ?

(1) संबंधन (2) उपलब्धि

(3) अनुमोदन (4) दर्द परिवर्जन

30. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण-अधिगम को प्रभावित करने वाला वातावरणीय कारक *नहीं* है ?

(1) अधिगम सामग्री

(2) भौतिक स्थितियाँ

(3) मनोरंजन की सुविधाएँ

(4) परिपक्वता

27. Which of the following type questions is ***not*** suitable for tes student's expression of feelings and logical thinking ?

(1) Analytical type

(2) Critical type

(3) Discussion type

(4) Multiple option type

28. Which one of the following is ***not*** a component of progressive education ?

(1) Discussion

(2) Memorization

(3) Experientation

(4) Interaction

29. Which of the following is ***not*** acquired motive ?

(1) Affiliation (2) Achievemer

(3) Approval (4) Pain avoidan

30. Which of the following is ***not*** environmental factor affecting teaching-learning ?

(1) Learning material

(2) Physical conditions

(3) Recreational facilities

(4) Maturation



C732912
Scanned with OKEN Scanner

भाग – II / PART – II

भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)

हिन्दी (HINDI)

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे** उचित विकल्प चुनिए।

**31.** विलोम की दृष्टि से *असंगत* विकल्प चुनिए :
(1) आकृष्ट - विकृष्ट
(2) आह्वान - अनाह्वान
(3) कलंकित - निष्कलंक
(4) ऐहिक - पारलौकिक

**32.** वाक्य में प्रयुक्त क्रिया की दृष्टि से *असंगत* विकल्प का चयन कीजिए :
(1) अध्यापिका छात्राओं को भूगोल पढ़ा रही है - द्विकर्मकक्रिया
(2) निशीथ जोर-जोर से हँस रहा है - अकर्मक क्रिया
(3) मदारी अनेक करतब दिखलाकर बच्चों को ललचाता है - अकर्मक क्रिया
(4) लड़-झगड़कर वह अपना हिस्सा ले ही मरा - रंजक क्रिया

**33.** वर्णों की ध्वनिगत विशेषताओं के संदर्भ में *असंगत* चुनिए :
(1) उ - पश्च, संवृत, वृत्तमुखी
(2) ऋ - अग्र, संवृत, वृत्तमुखी
(3) अ - मध्य, ह्रस्व, उदासीन
(4) आ - पश्च, विवृत, अवृत्तमुखी

**34.** हिंदी अध्यापक की विशिष्ट विशेषताओं में सम्मिलित *नहीं* है :
(1) साहित्य का ज्ञान
(2) भाषा शिक्षण की विधियों का ज्ञान
(3) हिंदी भाषा पर विशिष्ट अधिकार
(4) शिक्षा तथा उपाधियाँ

**35.** किस विकल्प में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग *नहीं* हुआ है ?
(1) जिसने परिश्रम किया, वह सफल हो गया।
(2) यह पुस्तक किससे मँगवाऊँ।
(3) ऐसे व्यक्ति पर कभी विश्वास मत करो।
(4) आपके घर से कल कोई नौकर आया था।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 36-39)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नया निश्चय ही एक मूल्य है। पर निरंतरता भी एक मूल्य है। साहित्य दोनों में से एक को चुनने की हिमाकत सौभाग्य से नहीं करता है, क्योंकि वह जानता है कि एक के बिना दूसरा संभव नहीं है। परंपरा अपने को पुनर्नवा किए बिना सजीव नहीं रह सकती। मनुष्य दोनों आयामों में रहता है : इतिहास में और अनन्त में। वह बदलता है और फिर भी बना रहता है। दोनों आयाम मनुष्य के यहाँ अंतर्भुक्त हैं - वे अलग-थलग या विविक्त नहीं होते। बहुत कुछ बदलता है : समाज, परिस्थितियाँ, आर्थिक व्यापार, मानव संबंध और उनके संगुंफन आदि पर प्रेम, ईर्ष्या, मोह-मत्सर, राग-विराग, हर्ष-विषाद आदि वही बने रहते हैं। नयी दृष्टि होती है, तो अपने लिए अनिवार्यतः नया शिल्प भी खोजती है। विश्लेषण के लिए भले हम कथ्य और शिल्प को अलग-थलग कर लेते हैं, पर रचना में वे अद्वैत हैं। नया अंततः निरंतरता में समाहित होकर अपनी वैधता पाता है, पर वह निरंतरता को कहीं न कहीं बदल भी देता है। निरंतरता नए के हस्तक्षेप और उसके समाहार के बाद वही नहीं रह जाती, जो पहले थी। हम यह भूल जाते हैं कि आज जो पुराना लगता है, वह कभी नया था। बिना समकालीनता के कालातीत नहीं हुआ



Scanned with OKEN Scanner

जा सकता, लेकिन सिर्फ समकालीनता के बाड़े में बँधे रहकर भी कालातीत नहीं हुआ जा सकता। नया समय को सीधे और उसके बदले हुए ब्योरों में पकड़ने के साहस से उपजता है, पर अगर वह समय के पार न देख पाये, तो टिकाऊ नहीं हो सकता। जो कालातीत है, वही हर समय नया होता चलता है।

**36.** साहित्य का अभीष्ट है :

(1) मात्र नए को चुनना

(2) मात्र निरंतरता को चुनना

(3) नएपन एवं निरंतरता दोनों को चुनना

(4) मात्र समकालीन को चुनना

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *सत्य* है ?

(1) मनुष्य की मूल प्रवृत्तियाँ समय के साथ परिवर्तनशील हैं।

(2) मनुष्य का समाज समय के साथ परिवर्तनशील है।

(3) मनुष्य मात्र इतिहास में जीता है।

(4) निरंतरता सदैव अपरिवर्तनीय होती है।

**38.** कौन-सा कथन *असत्य* है ?

(1) साहित्य में दृष्टि का अवबोधन कथ्य से होता है।

(2) नवीन कथ्य अपने लिए नवीन शिल्प भी लाता है।

(3) कथ्य और शिल्प दोनों एक-दूसरे से स्वायत्त होते हैं।

(4) साहित्यिक रचना में कथ्य और शिल्प परस्पर अनूस्यूत होते हैं।

**39.** नयापन टिकाऊ होता है :

(1) जब वह समकालीन हो।

(2) जब वह समकालीन भी हो और कालातीत भी।

(3) जब उसमें चमत्कार हो।

(4) जब वह परंपरा को बदलता हो।

**40.** संधि की दृष्टि से *अनुपयुक्त* विकल्प चुनिए :

(1) दैत्यारि, गत्यानुसार, अगन्याशय - यण् संधि

(2) मिताहार, विकलांग, भूर्ध्व - दीर्घ संधि

(3) दिग्विजय, अब्ज, वृहन्नेत्र - व्यंजन संधि

(4) वयोवृद्ध, पुरोधा, प्रादुर्भूत - विसर्ग संधि

**41.** निम्नलिखित में से मौन वाचन का उद्देश्य *नहीं* है :

(1) उचित लय और गति प्रदान करना।

(2) स्वाध्याय की आदत विकसित करना।

(3) तीव्र गति से पढ़ने का अभ्यास करना।

(4) अर्थ ग्रहण कर उसका केन्द्रीय भाव समझना।

**42.** किस विकल्प में उपसर्ग - विभाजन नियमानुसार है ?

(1) अपरिग्रह, अपरोक्ष, अपर्ण - 'अप' उपसर्ग

(2) आरण्यक, आवश्यक, आधुनिक - 'आ' उपसर्ग

(3) निश्शुल्क, निष्पक्ष, निस्स्वार्थ - 'निस्' उपसर्ग

(4) व्याधि, वीक्षण, व्यतिरेक - 'वी' उपसर्ग

**43.** निम्नलिखित में से *अशुद्ध* शब्द समूह का चयन कीजिए :

(1) सीधा साधा, अठोतर, उहापोह

(2) दाशरथि, स्थायित्व, विद्यार्थिपरिषद्

(3) सुधीजन, प्रेयसी, निजीकरण

(4) वेश्या, शशिभूषंण, शक्तीकरण

**44.** प्रत्यय की दृष्टि से *संगत* विभाजन चुनिए :

(1) मैथुन, शौच, राघव - 'अ' प्रत्यय

(2) फिकैत, डकैत, लड़ैत - 'एत' प्रत्यय

(3) नारदीय, स्थानीय, मानवीय - 'अनीय' प्रत्यय

(4) कौशेय, सौजन्य, कौमार्य - 'एय' प्रत्यय

**45.** समास की दृष्टि से *संगत* विकल्प चुनिए :

(1) चक्षुश्रवा - इतरेतर द्वन्द्व

(2) आपादमस्तक - बहुव्रीहि

(3) जातिगत - अधिकरण तत्पुरुष

(4) श्रमसाध्य - करण तत्पुरुष



Scanned with OKEN Scanner

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

**46.** Fill in the blank with the ***correct*** option :

Nesfield's grammar is an instance of .............. grammar.

(1) universal (2) cognitive

(3) descriptive (4) prescriptive

**47.** Fill in the blank with the ***correct*** option :

Teaching learners to discuss a poem in English in their native language is an instance of the use of ............ .

(1) evaluative comprehension

(2) multilingual resources

(3) pre-reading skills

(4) first language acquisition

***Direction :*** (Q. No. **48** to **57**) : Read the following poem and answer the questions that follow :

*Mother, I am the one*
*you sent away*
*when the doctor told you*
*I would be*
*a girl – In the end they had to*
*give me an injection to kill me.*
*Before I died I heard*
*the traffic rushing outside, the monsoon*
*slush, the wind sulking through*
*your beloved Mumbai –*
*I could have clutched the neon blue*
*no one wanted –*
*No one wanted*
*To touch me – except later in the autopsy room*
*when they knew my mouth would not search*
*for anything – and my head could be measured*
*and bent cut apart.*
*I looked like a sliced pomegranate.*
*The fruit you never touched.*
*Mother, I am the one you sent away*
*When the doctor told you*
*I would be a girl – your second girl.*
*Afterwards, as soon as you could*
*you put on your grass – green sari –*
*the orange stems of the parijatak blossoms*

*glistened in your hair –*
*Afterwards*
*everyone smiled.*
*But now I ask you*
*to look for me, mother,*
*look for me because*
*I won't come to you in your dreams,*
*Look for me, mother, look*
*because I won't become a flower*
*I won't turn into a butterfly*
*And I am not a part of anyone's song.*
*Look, mother,*
*look for the place where you have sent me.*

*Look for the unspeakable.*
*for the place that can never be described.*
*Look for me, mother, because*
*this is what you have done.*
*Look for me, mother, because*
*this is not 'God's will'.*
*Look for me, mother*
*because I smell of formaldehyde –*
*I smell of formaldehyde*
*and still, I wish you would look*
*for me, mother.*

**48.** Who does the girl address ?

(1) the doctor (2) the society

(3) the father (4) the mother

49. In which city does the foeticide take place ?
(1) Delhi (2) Chennai
(3) Mumbai (4) Pune

50. What does the killed infant smell of ?
(1) formaldehyde
(2) parijatak
(3) chlorine
(4) slush

51. Who is "I" in the opening line ?
(1) the poet
(2) the killed infant girl
(3) mother
(4) the doctor

52. Fill in the blank with the ***correct*** option :
According to the speaker the mother disliked .......... .
(1) oranges
(2) parijatak blossoms
(3) pomegranates
(4) the grass-green sari

53. Find a word from the poem which means "post mortem" :
(1) formaldehyde
(2) injection to kill
(3) neon blue
(4) autopsy

54. Why was the infant in the womb killed ?
(1) because it was defective
(2) because the mother didn't want a second girl child
(3) doctor's mistake
(4) it was ugly

55. Which one of the following is used as a literary device in the poem for effectiveness ?
(1) repetition (2) climax
(3) irony (4) metaphor

56. Fill in the blank with the ***correct*** option :
"I looked like a sliced pomegranate" is an example of ............ .
(1) metaphor
(2) an implied simile
(3) irony
(4) simile

57. Find the word in the poem which means "shone due to being wet".
(1) glistened
(2) sulking
(3) clutched
(4) blossom

58. Fill in the blank with the ***correct*** option :
The two kinds of listening are ......... .
(1) active and passive
(2) skimming and scanning
(3) intensive and extensive
(4) referential and inferential

59. Fill in the blank with the ***correct*** option :
............ skill involves training the learner to listen for the English speech sounds including stress and intonation patterns.
(1) listening (2) aural-oral
(3) reading (4) writing

60. Choose the ***correct*** option :
***Assertion A :*** The disadvantage of print material is that it lacks interaction and the use of audio-visual elements.
***Assertion B :*** Print materials are not portable, not easily available and are not cost effective.
(1) A is true; B is false
(2) B is true; A is false
(3) Both A & B are true
(4) Both A & B are false



Scanned with OKEN Scanner

भाग – III / PART – III

## सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## सामान्य अध्ययन, मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND G.K. & AWARENESS

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

61. रेखा 10 किमी सीधे चलती है और फिर दायें मुड़कर 10 किमी चलती है। फिर हर बार बायीं ओर मुड़कर वो क्रमश: 5, 15 और 15 किमी चलती है। अपने प्रारम्भिक बिन्दु से अब वो कितनी दूर है ?
(1) 20 किमी (2) 15 किमी
(3) 10 किमी (4) 5 किमी

62. A, C का पिता है और D, B का पुत्र है। E, A का भ्राता है। C, D की बहन है। B, E से किस प्रकार सम्बन्धित है ?
(1) पुत्री (2) साली/भाभी
(3) माता (4) पति

63. पाँच व्यक्ति P, Q, R, S, और T एक अखबार पढ़ते हैं। जो व्यक्ति सर्वप्रथम पढ़ता है, वह R को दे देता है। जो सबसे आखिरी में पढ़ता है, वो P से लेता है। T पढ़ने में प्रथम या अन्तिम नहीं है। P और Q के बीच दो पाठक थे। आखिरी में अखबार कौन पढ़ता है ?
(1) Q (2) R
(3) S (4) T

64. यदि 10 दिसम्बर, 2022 को शनिवार था, तो 8 दिसम्बर, 2024 को कौन-सा दिन होगा ?
(1) शनिवार (2) रविवार
(3) सोमवार (4) मंगलवार

65. एक निश्चित कूट भाषा में "sun shines brightly" को "ba lo sul", "houses are brightly lit" को "kado ula ari ba" और "light comes from sun" को "dopi kup lo nro" लिखा जाता है। "sun" और "brightly" के लिए क्रमश: किन कूट शब्दों को लिखा गया है ?
(1) sul, ba (2) sul, lo
(3) ba, lo (4) lo, ba

61. Rekha walks 10 km straight and then turns right and walks 10 km. Then every time turning to her left, she walks 5, 15 and 15 km respectively. How far is she now from her starting point ?
(1) 20 km (2) 15 km
(3) 10 km (4) 5 km

62. A is father of C and D is son of B. E is brother of A. C is sister of D. How is B related to E ?
(1) Daughter (2) Sister-in-law
(3) Mother (4) Husband

63. Five men P, Q, R, S and T read a newspaper. The one who reads first, gives it to R. The one who reads last, had taken from P. T was not the first or last to read. There were two readers between P and Q. Who reads the newspaper last ?
(1) Q (2) R
(3) S (4) T

64. If it was Saturday on 10th December, 2022, what will be the day on 8th December, 2024 ?
(1) Saturday (2) Sunday
(3) Monday (4) Tuesday

65. In a certain code language "sun shines brightly" is written as "ba lo sul", "houses are brightly lit" as "kado ula ari ba" and "light comes from sun" as "dopi kup lo nro". What code words are written for "sun" and "brightly" respectively ?
(1) sul, ba (2) sul, lo
(3) ba, lo (4) lo, ba



Scanned with OKEN Scanner

66. निम्न वर्ण श्रेणी का अगला पद ज्ञात कीजिए :
MQNRO, JSKTL, GUHVI, DWEXF, ?
(1) AYBZC (2) AZCYC
(3) BYBYD (4) BZCZD

67. यदि tan θ + sec θ = 4, तो cos θ का मान बराबर है :
(1) $\frac{17}{8}$ (2) $\frac{8}{17}$
(3) $\frac{15}{17}$ (4) $\frac{17}{15}$

68. 2880 को पूर्ण वर्ग बनाने के लिए कौन-सी सबसे छोटी संख्या से विभाजित करना चाहिए ?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5

69. P ने 45,000 रुपये में एक व्यवसाय शुरू किया और कुछ समय बाद Q 30,000 रुपये के साथ सम्मिलित हुआ। यदि वर्ष के अन्त में लाभ को उनके बीच 2 : 1 के अनुपात में बाँटा गया, तो Q कब सम्मिलित हुआ ?
(1) 3 माह बाद (2) 4 माह बाद
(3) 5 माह बाद (4) 6 माह बाद

70. यदि तीन संख्याएँ 3 : 2 : 5 के अनुपात में इस प्रकार हैं कि इन संख्याओं के वर्गों का योग 1862 के बराबर है। मध्य वाली संख्या बराबर है :
(1) 7 (2) 14
(3) 21 (4) 35

71. 5,290 रुपये के लिए A, B और C ने मिलकर एक कार्य पूर्ण किया। A और B ने पूरे कार्य का $\frac{19}{23}$ भाग मिलकर पूरा किया। C द्वारा प्राप्त राशि रु० में बराबर है :
(1) 920 (2) 900
(3) 880 (4) 850

66. Find the next term of the following letter series :
MQNRO, JSKTL, GUHVI, DWEXF, ?
(1) AYBZC (2) AZCYC
(3) BYBYD (4) BZCZD

67. If tan θ + sec θ = 4, then the value of cos θ is equal to :
(1) $\frac{17}{8}$ (2) $\frac{8}{17}$
(3) $\frac{15}{17}$ (4) $\frac{17}{15}$

68. What is the smallest number by which 2880 must be divided in order to make it a perfect square ?
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5

69. P began a business with Rs. 45,000 and Q joined with Rs. 30,000 after some time. If the profit at the end of the year were divided among them in the ratio 2 : 1, when did Q join ?
(1) after 3 months (2) after 4 months
(3) after 5 months (4) after 6 months

70. If three numbers are in the ratio 3 : 2 : 5 such that the sum of their squares is equal to 1862, the middle number is equal to :
(1) 7 (2) 14
(3) 21 (4) 35

71. A, B and C together completed a work for Rs. 5,290. A and B together did $\frac{19}{23}$ of the whole work. Amount received by C in Rs. is equal to :
(1) 920 (2) 900
(3) 880 (4) 850



Scanned with OKEN Scanner

72. एक निश्चित राशि पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्ष बाद चक्रवृद्धि ब्याज और सरल ब्याज में अन्तर 15 रुपये है। मूलधन बराबर है :

(1) 2,000 (2) 4,000
(3) 6,000 (4) 8,000

73. एक वृत्ताकार क्षेत्र की त्रिज्या, जिसका क्षेत्रफल 8 मी० , 9 मी० और 12 मी० त्रिज्याओं वाले क्रमशः तीन वृत्ताकार क्षेत्रों के क्षेत्रफल के बराबर होता है, बराबर है :

(1) 16 मी० (2) 17 मी०
(3) 18 मी० (4) 19 मी०

74. निम्न श्रेणी का अगला पद है :

$\left(\frac{AG}{d}\right)^{6}$, $\left(\frac{CK}{g}\right)^{21}$, $\left(\frac{EO}{j}\right)^{45}$, $\left(\frac{GS}{m}\right)^{78}$, ?

(1) $\left(\frac{IX}{p}\right)^{127}$ (2) $\left(\frac{IV}{q}\right)^{133}$
(3) $\left(\frac{IW}{p}\right)^{120}$ (4) $\left(\frac{IX}{q}\right)^{127}$

75. धातु के बेलनाकार पाइप का आयतन 748 सेमी$^3$ है। इसकी लम्बाई 14 सेमी और इसकी बाहरी त्रिज्या 9 सेमी है। पाइप की मोटाई बराबर है :

(1) 0.25 सेमी (2) 0.5 सेमी
(3) 1.0 सेमी (4) 1.5 सेमी

76. दो गोलों का पृष्ठीय क्षेत्रफल में 1 : 2 का अनुपात है। इनके आयतनों में अनुपात है :

(1) 1 : 2 (2) $1 : \sqrt{2}$
(3) $1 : 2\sqrt{2}$ (4) 1 : 4

72. The difference between the compound interest and simple interest on a certain amount at 5% per annum for 2 years is Rs. 15. The principal amount is equal to :

(1) 2,000 (2) 4,000
(3) 6,000 (4) 8,000

73. The radius of a circular field, whose area is equal to the sum of the area of the three circular fields having radii 8 m, 9 m and 12 m respectively, is equal to :

(1) 16 m (2) 17 m
(3) 18 m (4) 19 m

74. Next term of the following series is :

$\left(\frac{AG}{d}\right)^{6}$, $\left(\frac{CK}{g}\right)^{21}$, $\left(\frac{EO}{j}\right)^{45}$, $\left(\frac{GS}{m}\right)^{78}$, ?

(1) $\left(\frac{IX}{p}\right)^{127}$ (2) $\left(\frac{IV}{q}\right)^{133}$
(3) $\left(\frac{IW}{p}\right)^{120}$ (4) $\left(\frac{IX}{q}\right)^{127}$

75. The volume of the metallic cylindrical pipe is 748 cm$^3$. Its length is 14 cm and its external radius is 9 cm. The thickness of pipe is equal to :

(1) 0.25 cm (2) 0.5 cm
(3) 1.0 cm (4) 1.5 cm

76. The surface areas of the two spheres are in the ratio 1 : 2. The ratio of their volumes is :

(1) 1 : 2 (2) $1 : \sqrt{2}$
(3) $1 : 2\sqrt{2}$ (4) 1 : 4



P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

77. निम्न संख्या श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए :

2, 9, 28, ?, 126, 217, 344

(1) 37 (2) 65
(3) 91 (4) 115

78. एक वर्ग और एक समबाहु त्रिभुज एक वृत्त के अन्तर्गत बनाये जाते हैं। यदि *a* और *b* क्रमशः इनकी भुजा की लम्बाई हैं, तो निम्न में से कौन-सा *सत्य* है ?

(1) $2a^2 = 3b^2$ (2) $3a^2 = 2b^2$
(3) $a^2 = 3b^2$ (4) $b^2 = 2a^2$

79. रेखा : वर्ग : : चाप : ?

(1) वलय (2) गोला
(3) वृत्त (4) गेंद

80. A, P, R, X, Y और Z एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। Y और Z मध्य में हैं और A तथा P अन्तिम शीर्षों पर हैं। R, A के एकदम बायीं ओर है। P के एकदम दायीं ओर कौन बैठा हुआ है ?

(1) X (2) Y
(3) Z (4) R

81. निम्नलिखित में से किसने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री काल में मुख्य सचिव के रूप में काम *नहीं* किया ?

(1) एस० सी० चौधरी
(2) पी० के० गुप्ता
(3) शकुन्तला जाखू
(4) विजयवर्धन

82. हरियाणा लोक सेवा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(1) दलबीर सिंह
(2) दरबारी लाल गुप्ता
(3) भीम सिंह
(4) मनोज पाण्डे

77. Find the missing term in the following number series :

2, 9, 28, ?, 126, 217, 344

(1) 37 (2) 65
(3) 91 (4) 115

78. A square and an equilateral triangle are inscribed in a circle. If *a* and *b* denote the lengths of their sides respectively, then which of the following is ***true*** ?

(1) $2a^2 = 3b^2$ (2) $3a^2 = 2b^2$
(3) $a^2 = 3b^2$ (4) $b^2 = 2a^2$

79. Line : Square : : Arc : ?

(1) Ring (2) Sphere
(3) Circle (4) Ball

80. A, P, R, X, Y and Z are sitting in a row. Y and Z are in the centre and A and P are at the ends. R is sitting on the immediate left of A. Who is sitting on the immediate right of P ?

(1) X (2) Y
(3) Z (4) R

81. Who among the following did ***not*** serve as the Chief Secretary during the Chief Ministership of Manohar Lal Khattar ?

(1) S. C. Chaudhary
(2) P. K. Gupta
(3) Shakuntala Jakhu
(4) Vijay Vardhan

82. Who was the First Chairman of Haryana Public Service Commission ?

(1) Dalbir Singh
(2) Darbari Lal Gupta
(3) Bhim Singh
(4) Manoj Pandey



C73291 2

Scanned with OKEN Scanner

83. निम्नलिखित में से कौन-से *सही* सुमेलित हैं ?

(A) गुजरी महल – हिसार

(B) आराम-ए-कौसर – नारनौल

(C) शेख तैय्यब का मकबरा – जींद

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) (A) तथा (C)

(2) (A) तथा (B)

(3) (B) तथा (C)

(4) (A), (B) तथा (C)

84. निम्नलिखित में से कौन-सा वन्य जीव अभयारण्य शिवालिक पहाड़ियों में अवस्थित है ?

(1) खापरवास अभयारण्य

(2) भिण्डावास अभयारण्य

(3) खोल ही-रायतान अभयारण्य

(4) नाहर अभयारण्य

85. पेहोवा अभिलेख के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

(A) अभिलेख को गुर्जर प्रतिहार राजवंश के एक शासक ने जारी किया था।

(B) अभिलेख के अनुसार पेहोवा घोड़े के व्यापारियों का एक प्रसिद्ध बाजार था।

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) केवल कथन (A) सत्य है।

(2) केवल कथन (B) सत्य है।

(3) न तो कथन (A) न ही कथन (B) सत्य है।

(4) दोनों कथन सत्य हैं।

83. Which of the following are ***correctly*** matched ?

(A) Gujari Mahal – Hisar

(B) Aram-e-Kausar – Narnaul

(C) Tomb of Sheikh Tayyab – Jind

Choose the ***correct*** code :

(1) (A) and (C)

(2) (A) and (B)

(3) (B) and (C)

(4) (A), (B) and (C)

84. Which of the following wild life sanctuaries is located in Shivalik hights ?

(1) Khaparwas Sanctuary

(2) Bhindawas Sanctuary

(3) Khol Hi-Raitan Sanctuary

(4) Nahar Sanctuary

85. Read the following statements about Pehowa Inscription :

(A) The inscription was issued by a ruler of Gurjar Pratihar dynasty.

(B) As per the inscription, Pehowa was a famous market of horse dealers.

Choose the ***correct*** code :

(1) Only statement (A) is true.

(2) Only statement (B) is true.

(3) Neither statement (A) nor statement (B) is true.

(4) Both the statements are true.

86. सर छोटूराम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन *सत्य* हैं ?

(A) उन्होंने एक कॉंग्रेसी के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की।

(B) बाद में उन्होंने यूनियनिष्ट पार्टी की सदस्यता ली।

(C) वे अविभाजित पंजाब की सरकार में एक मंत्री थे।

*सही* कूट का चयन कीजिए :

(1) केवल कथन (B) तथा (C) सही हैं।

(2) केवल कथन (A) तथा (C) सही हैं।

(3) केवल कथन (A) सही है।

(4) कथन (A), (B) तथा (C) सही हैं।

87. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कहाँ स्थापित किया जा रहा है ?

(1) किलोहड़ (2) बरौत

(3) पिपली खेड़ा (4) रसूलपुरा

88. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला रोहतक संभाग का हिस्सा *नहीं* है ?

(1) झज्जर (2) सोनीपत

(3) भिवानी (4) रेवाड़ी

89. 37वें सूरजकुण्ड अन्तर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का थीम राज्य कौन-सा था ?

(1) मध्य प्रदेश

(2) राजस्थान

(3) मणिपुर

(4) गुजरात

90. हरियाणा की महिला पहलवान जिसने 2023 का अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया ?

(1) अंतिम पंघाल

(2) अंशु मलिक

(3) गीतिका जाखड़

(4) साक्षी मलिक

86. Which of the following statements about Sir Choturam are ***correct*** ?

(A) He began his career as a Congress man.

(B) Later be joined Unionist Party.

(C) He was a Minister in the government of Undivided Punjab.

Choose the ***correct*** code :

(1) Only statement (B) & (C) are correct.

(2) Only statement (A) & (C) are correct.

(3) Only statement (A) is correct.

(4) statement (A), (B) & (C) are correct.

87. Where the Indian Institute of Information Technology is being set-up ?

(1) Kilohad (2) Baraut

(3) Pipali Khera (4) Rasulpura

88. Which of the following districts is ***not*** part of Rohtak division ?

(1) Jhajjar (2) Sonipat

(3) Bhiwani (4) Rewari

89. Which of the following was the theme State for the 37th Surajkund International Crafts Fair ?

(1) Madhya Pradesh

(2) Rajasthan

(3) Manipur

(4) Gujarat

90. The woman wrestler of Haryana who received the Arjuna Award of 2023 ?

(1) Antim Panghal

(2) Anshu Malik

(3) Geetika Jakhar

(4) Sakshi Malik



Scanned with OKEN Scanner